हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

# Freedom RAIPUR RUN

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

## 1 DEC 2024

**10 Km. & 5 Km. CATEGORIES**
**Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)**
**Time : 6.00 AM (Morning)**

**Title Sponsor** – Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner** – परिमल भारतवासी अगरबत्ती – भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ धूपबत्ती

**Associate Sponsors** – CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है), IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH, R1, RAMA TMT BARS (ANDAR SE ATOOT), Vachan (Great Taste. Enriched Life), IFFCO, छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन (पंजीयन क्रमांक 3940, स्थापना वर्ष 2012), निजात – नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां। – सेवा सुरक्षा अनुशासन – रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**Health Partner** – SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner** – ASA ADVERTISING AGENCY

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

# प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में मनाया गया संविधान दिवस






कोण्डागांव। कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संविधान की उद्देशिका का वाचन प्रधान अध्यापक मधु तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया एवम संविधान पर आधारित आकर्षक पेन्टिंग से अपनी भावनाओं को उकेरा। संविधान में लिखित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य बाल अधिकार बच्चों की सुरक्षा आदि से संबंधित जानकारी बच्चों को उपलब्ध कराई गई। संविधान दिवस में शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# मयूर डोंगर में छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में निकाली रैली




कोंडागांव। संविधान दिवस पर हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में छात्र छात्राओं ने गांव की गलियों में निकाली रैली और संविधान दिवस अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए। रैली के बाद स्कूल प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश सैमसन, जमील अहमद, यशवंत देवांगन, जीवनधर नेताम, दिनेश गंधर्व, हेमंत देहरी, संजीव तालुकदार, श्रीमती रीता प्रधान, दिलेश्वरी दर्रो, प्रमानन्द बैद्य आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष बनाए गए जितेंद्र

फरसगांव। अखिल भारतीय पंचायत परिषद का जितेंद्र कुमार सिन्हा को कोंडागांव का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। जितेन्द्र सिन्हा पंचायत विकास, ग्रामीण उत्थान और सामाजिक



समरसता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और संगठनात्मक कौशल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। इस नियुक्ति के अवसर पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा श्री सिन्हा जी के नेतृत्व में कोंडागांव जिले की पंचायतें और भी सशक्त होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए उनका अनुभव अमूल्य होगा। जितेंद्र सिन्हा ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता का धन्यवाद करता हूं। पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि पंचायतों के विकास और समाज कल्याण के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करूंगा।

### दौराः बस्तर संभागायुक्त ने बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# स्वच्छता अभियान को रखें जारी, आमजन की समस्याओं का करें निराकरणः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने हाल ही में कोण्डागांव का दौरा किया और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने और आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया।

■ अधिकारी स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाएं

संभागायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुरू किए गए सफाई अभियान को सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालयों में जारी रखना चाहिए। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के समय पर निराकरण पर जोर दिया।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने और सिकलसेल स्क्रीनिंग के लिए दूरस्थ अंचलों में कैंप लगाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज कार्यक्रम की भी जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाएं। आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने छात्रवासों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ियों में पोषण आहार के वितरण की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

### योजनाओं को धरातल पर लाने प्रयास जारीः कलेक्टर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य और पशुपालन विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। संभागायुक्त के इस दौरे से जिला प्रशासन को विभिन्न विभागों के कार्यों में और अधिक तेजी लाने के लिए प्रेरित मिलेगा। इस अवसर पर डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंजी संकुल में हर्षोल्लास से मनाया गया संविधान दिवस




कोण्डागांव। करंजी संकुल के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय संविधान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच इम्लेश्वरी बघेल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए सामूहिक रूप से संविधान शपथ ली। छात्र-छात्राओं के लिए यह अवसर संविधान के महत्व को समझने का प्रेरणादायक मंच बना। कार्यक्रम की अगली कड़ी में, कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव के नेतृत्व में एक संविधान जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने गांव के चौक, चौराहों और मोहल्लों में रैली निकालकर ग्रामवासियों को भारतीय संविधान की शक्ति और उसकी विशेषताओं के प्रति जागरूक किया। टी. ऐंकट राव ने जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षिका सारिका वैष्णव, सोना नेताम, पंचगण और ग्राम के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल बच्चों, बल्कि गांववासियों के लिए भी संविधान की शक्ति और उसकी सुंदरता को समझने का अवसर प्रदान किया।

## पेज 11 के शेष

### खंडहर बना निगम का...

दिलचस्पी नहीं होगी तो आम लोगों में इसकी बिक्री का विकल्प भी हाऊसिंग बोर्ड के पास है। इलाके के सरकारी रेट और भवन निर्माण की लागत को मिलाकर फ्लैट की कीमत तय की जाएगी और उसके बाद इनकी बिक्री कर दी जाएगी। बस्तर संभाग के नारायणपुर एवं कांकेर जिला मुख्यालय के कई शासकीय मकान खंडहर एवं जर्जर हो गए हैं। ऐसे मकानों का सर्वे कर हाऊसिंग बोर्ड ने फ्लैट निर्माण करने का प्रस्ताव किया जा रहा है, जिससे स्वीकृति मिलने के बाद बोर्ड फ्लैट बनाएगा और शासकीय विभागों को दिया जाएगा।

### सरहदी राज्यों से अवैध धान...

निगरानी रखने और गहन जांच करने के निर्देश दिए। क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, रूपेश कुमार डांडे, सभी राजपत्रित अधिकारी और जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### 67 क्विंटल अवैध...

धान परिवहन की सूचना मिलते ही 26 नवंबर की रात्रि में कोंटा मंडी के अधिकारी कर्मचारी द्वारा उड़ीसा प्रांत से छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से परिवहन करते दो पिकअप वाहन को जब्त किया गया। एक पिकअप में 55 बोरी एवं दूसरे पिकअप में 82 बोरी धान जिसका कुल वजन 67.50 क्विंटल मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। जब्त वाहन और धान को सुकमा थाना के सुपुर्द किया गया।

### गलत धान बीज विक्रय...

जिला परिषद सदस्य कॉ. जयप्रकाश नेताम, कॉ. बिसम्बर मरकाम, कॉ. सोमारु गावड़े और कॉ. सरादू मरकाम ने किसानों की मांगों को जायज ठहराते हुए समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को जल्द न्याय नहीं मिला तो सीपीआई भी पीड़ित किसानों के साथ धरना-प्रदर्शन करेगी।

### धान खरीदी केन्द्र का...

उपलब्धता, स्टेकिंग और धान उठाव के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि माइक्रो एटीएम के बारे धान बेचने पहुंचे सभी किसानों को अवगत कराएं ताकि खरीदी केन्द्र में ही किसान आवश्यकता अनुसार 10 हजार तक की राशि निकाल सके। उन्हें बैंक जाने की जरूरत न पड़े।

### युवक, युवतियों ने जाना...

द्वारा राष्ट्रीय उद्यान एवं अन्य स्थानों पर 50 फंगस की प्रजातियां, फ्लोरा की 200 प्रजातियां, औषधीय पौधों की 100 से अधिक प्रजातियों की पहचान कर सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण में युवक, युवतियों द्वारा पौधों की पहचान करना, उनकी औषधीय उपयोगिता को जानना, हरबेरियम तैयार करने के तरीके तथा संरक्षण के तौर तरीकों से अवगत हुए। युवक, युवतियों के पौध प्रजातियों के देखने के नजरिए में परिवर्तन हुआ तथा वे इनके संरक्षण की दिशा में कार्य करने को तत्पर होते हुए शपथ लिया। इन युवाओं के द्वारा अपने ग्राम पंचायत एवं आस-पास के ग्राम पंचायतों में इस जानकारी एवं ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने की सहमति व इच्छा जाहिर की गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य वन संरक्षक सहित उद्यानिकी विश्वविद्यालय के डीन डॉ. नाग, उद्यानिकी विभाग के डॉ. आरके देवांगन, बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डॉ. मनोज ई हेमबरोन, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. नीतू हरमुख, वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा आदि शामिल रहे।

## फैंसी स्टोर्स में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर हो गया खाक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आड़ावाल के जयगुरू फैंसी स्टोर्स में गुरुवार सुबह आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की सूचना पर बोधघाट पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी खबर एसडीआरएफ को दी। जब तक एसडीआरएफ की टीम पहुंचती आग काफी फैल चुका था। मौके पर पहुंचे पुलिस व एसडीआरएफ टीम के जवानों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो आसपास की दुकानें भी आग की चपेट में आ सकती थी। बोधघाट टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि आगजनी की सूचना पर तत्काल पहुंचकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया था लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लगभग दो लाख का सामान जलकर खाक हो चुका था। आगजनी में कितने का नुकसान हुआ अभी इसका आंकलन नहीं किया जा सका है। प्रार्थी के आने के बाद इसका सहीं आकलन किया जा सकेगा।

# जिला मुख्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला मुख्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव ने भारत के संविधान की उद्देशिका का पठन कराया। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका को दोहराया और "भारत का संविधान अमर रहे" तथा "बाबा साहेब अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यक्ष धंसराज टंडन ने की। विशिष्ट अतिथियों में एम.डी. बघेल, नीलकंठ शार्दुल, दीपेश अरोरा, सी.एल. मेश्राम, लखमू राम टंडन, शीतल कोराम, एस.आर. सोरी, शंकर विश्वकर्मा, सुखदेव सिंह, तरुण गोलछा, यतींद्र सलाम, तरुण नाग, सुश्री गुनमती नायक, दिनेश डे, उसेंडी एसडीओ, सौरभ उपाध्याय थाना प्रभारी, और कई अन्य गणमान्य नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा, संविधान हमारे देश की आत्मा है। इसी की बदौलत हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिला है। संविधान ने धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया है। हमें इसे हर कीमत पर सुरक्षित रखना है और इसके प्रति सम्मान बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि संविधान के कारण ही आज सभी धर्म, समुदाय और पंथ के लोग समानता और भाईचारे के साथ रहते हैं। अतिथियों ने यह भी जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रें में संविधान की पुस्तकें पहुंचाई जानी चाहिए ताकि लोग अपने अधिकार और कानून की जानकारी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत महाजन, अध्यक्ष बौद्ध समाज, ने किया और आभार प्रदर्शन धंसराज टंडन ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों और उपस्थितजनों ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता का आधार है। पूरे समारोह के दौरान संविधान और बाबा साहेब के प्रति गहरा सम्मान और आस्था व्यक्त की गई। इस आयोजन ने कोंडागांव नगर में संविधान दिवस को एक नए जोश और उत्साह के साथ मनाने की परंपरा को और मजबूत किया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./45/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुशधर बघेल पिता स्व. धरमु जाति भतरा ग्राम चोकनार तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. धरमु निवासी ग्राम चोकनार तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. धरमु S/O स्व. घुरसाय ग्राम चोकनार का दिनांक 12/07/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक कुशधर बघेल पिता स्व. धरमु जाति भतरा ग्राम चोकनार तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. धरमु मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 27/11/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**शपथ पत्र**

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. मैं रैयमती मौर्य पति स्व. झुलपु मौर्य निवासी ग्राम बड़े मोरठपाल तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. की हूं जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करती हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे परिचय पत्र कमांक NMP0518134 में मेरा नाम रैयमती मौर्य Raymati Mourya दर्ज किया गया है जो कि मेरा सही नाम है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5892 0144 5305 में मेरा नाम बोके मौर्य Boke Mourya दर्ज किया गया है जो कि गलत व त्रुटीपूर्ण नाम है।
4. यह कि मैं अपना सही नाम रैयमती मौर्य Raymati Mourya होने तथा उक्त नाम मेरे आधार कार्ड में दर्ज करने हेतु प्रकाशन बावत यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र./202411150600034/अ-6/2024-25
साकिन- कंगोली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मददी वेंकट रमना पिता मददी भास्कर राव जाति वैश्य निवासी- प्रतापगंज पारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम कंगोली प.ह.नं.-03 रा.नि.मं.- जगदलपुर तहसील जगदलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 99/8,99/28,99/35 रकबा क्रमशः 0.0200,0.0400, 0.1940, कुल रकबा 0.2540 हे. भूमि को इच्छा-पत्र (वसीयतनामा) दिनांक 08/08/2023 के आधार पर आवेदित भूमि से वसीयतकर्ता एम. कृष्णावेणी पति एम. भास्कर राव जाति वैश्य का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत करने पर भुईयां पोर्टल के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 06-12-2024 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार जगदलपुर

### इलेक्ट्रॉनिक तौल से धान बेचना हुआ और आसान

कोण्डागांव। जिले में धान खरीदी कार्य में तेजी आ रही है, धान खरीदी केन्द्र सोनाबाल में धान बेचने पहुंचे किसान सुधरू कोर्राम ने बताया कि खरीदी केंद्र में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से वजन की सही जानकारी मिली रही है। सुधरू कोर्राम जैसे कई किसानों के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन उपयोग सही वजन साथ किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के अन्नदाताओं के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार के मंशानुरूप धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गई है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा खरीदी कार्य के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 28.1 डिग्री
न्यूनतम 11.9 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024

10 स्वच्छता अभियान को रखें जारी, आमजन...



10 करंजी संकुल में हर्षोल्लास से मनाया गया संविधान दिवस





## खबर संक्षेप

### नक्सलियों ने बंद से पहले की डोजर ट्रैक्टर में आगजनी

**सुकमा।** नक्सलियों ने बंद से पहले आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे केरलापाल थाना क्षेत्र के गड़गड़ीपारा में एक डोजर ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने आगजनी कर मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि डोजर ट्रैक्टर गांव के रहने वाले पुलिस जवान दिरदो देवा की है और कई महीनों से ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ी थी। लेकिन नक्सलियों द्वारा अचानक आगजनी किए जाने से ग्रामीण भी हैरान हैं। जवान का परिवार गांव में ही रहता है। बता दें कि भंडारपदर मुठभेड़ के विरोध में नक्सलियों ने 29 नवंबर को बंद का आह्वान किया था। बंद के दिन पहले नक्सलियों ने जिले में उत्पात मचाने की कोशिश की है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिले में होंगे विशेष आयोजन

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर को यह आयोजन जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम सह ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें जिले के दिव्यांगजन भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण आयु अनुसार रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता होगी। जिनका थीम नशामुक्त भारत अभियान निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, खेलकूद प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, 100 मीटर दौड़ जैसे विभिन्न खेल शामिल होंगे। कार्यक्रम में लगभग 500 दिव्यांगजन भाग लेंगे। सभी वर्गों के दिव्यांगों हेतु पृथक–पृथक खेलों की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही प्रतिभागियों के प्रोत्साहन हेतु हर खेल के लिए पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गयी है।

### नेशलत लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित



**कोण्डागांव।** उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सुश्री गायत्री सायस सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मोरध्वज साहू आबकारी वृत कोण्डागांव व सुरेश कुमार आबकारी वृत केशकाल के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव के विश्राम कक्ष में 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आबकारी एक्ट के तहत संबंधित प्रकरणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखने के लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# घाट के नीचे बिंता और ककनार उपार्जन केंद्र में धान तौल मशीन खराब

## संभाग के दर्जनों केंद्रों में वजन मशीन में तकनीकी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर सम्भाग में धान खरीदी जोर-शोर से चल रहा है। अधिकांश केंद्रों में किसानों की भीड़ जुट रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के दिशा निर्देश पर विभिन्न लेम्प्स में खरीदी हो रही है। कुछ किसानों के मुताबिक धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल और समर्थन मूल्य 3100 रुपये किसानों को नहीं मिल रहा है। बल्कि किसानों के खाते में प्रति क्विंटल 2300 रुपये जमा हो रहा है। अब किसानों को एक नई मुसीबत सामने आई है। खरीदी केंद्रों में धान तौलने जिस वजन मशीन का सहारा लिया जा रहा है। मशीन में तकनीकी खामियां सामने आई है। धान तौलने के दौरान एक से डेढ़ किलो धान किसानों का नुकसान हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक सम्भाग के दर्जनों उपार्जन केंद्रों में धान तौलने की मशीनों में गड़बड़ी की शिकायत किसान कर रहे है। बस्तर जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर घाट के नीचे जहां सूर्य की किरणें देर से पड़ती है। ऐसे भौगोलिक विषमता से आच्छादित सुदूर बिंता खरीदी केंद्र में धान तौलने की मशीन खराब होने से किसान परेशान है। किसान उमाकांत पांडे ने बताया बिंता खरीदी केंद्र में धान तौलने दो मशीन है किंतु एक मशीन 40 किलो की भर्ती से एक किलो अतिरिक्त धान वजन हो रहा है। ऐसे में किसानों को प्रति 40 किलो में एक किलो अतिरिक्त नुकसान हो रहा है। जबकि एक-एक किसान कम से कम में 40 और अधिक 200 से 250 क्विंटल धान बिक्री करते है। इस बात की शिकायत के बाद भी उसी वजन मशीन से धान तौला जा रहा है। इसी खरीदी केंद्र के अंतर्गत ककनार उपार्जन केंद्र में धान तौलने की मशीन में खराबी के बाद भी किसानों से एक से डेढ़ किलो ज्यादा धान लिया जा रहा है। बस्तर जिले के अंतर्गत नानगुर,सेमरा खरीदी केंद्र के अंतर्गत बड़े मुरमा समेत अन्य खरीदी केंद्रों में धान वजन मशीन में तकनीकी समस्या की शिकायत आ रही है।

**किसानों से 40 के बदले 41 किलो यानि एक किलो ज्यादा लिया जा रहा**



### कहीं-कहीं पर समस्या दूर की गई

कुरन्दी उपार्जन केंद्र के लेम्प्स मैनेजर और सहकारी समिति कल्याण संघ के सम्भागीय अध्यक्ष उत्तम सेठिया के मुताबिक उनके केंद्र में भी दो मशीन आवंटित किया गया है जिसमें एक मशीन में तकनीकी गड़बड़ी के चलते एक से डेढ़ किलो अतिरिक्त धान वजन हो रहा था। फाल्ट की जानकारी समय पर मिलते ही उसे सुधार किया गया। उन्हें जानकारी मिली थी कि बिंता व ककनार खरीदी केंद्र के वजन मशीन में तकनीकी खराबी है। खरीदी प्रभारी इसकी शिकायत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय में करने के बाद भी उसमें सुधार नही हुआ।

## हाउसिंग बोर्ड 28107 वर्ग फुट जमीन पर बनाएगा कमर्शियल काम्पलेक्स

# खंडहर बना निगम का स्कूल, पीएचई और नगर सैनिक कार्यालय भवन होगा ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर



शहर के हृदय स्थल पर खंडहर भवनों के बदले में शासन की रिडेव्हलपमेंट योजना में 22.50 करोड़ रूपए की लागत से कमर्शियल काम्पलेक्स बनाने की योजना है। इसमें खंडहर बने निगम के पुराने स्कूल भवन, पीएचई, नगर सैनिक कार्यालय भवन को तोड़कर 28107 वर्ग फुट जमीन पर कमर्शियल काम्पलेक्स बनाया जाएगा। दुकान, ऑफिस, स्टडियो अपार्टमेंट रहेगा, उसे बोर्ड विक्रय करेगा। इस जमीन के बदले शहर के राजस्व परिसर में स्थित नर्सिंग हॉस्टल की जमीन में शासकीय आवास निर्माण कर दिया जाएगा। हालांकि इसके लिए नर्सिंग हॉस्टल के खंडहर भवन को बोर्ड तोड़ चुका है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2013-14 में हाऊसिंग बोर्ड ने शहर की 3 सरकारी कालोनी के आवासों का सर्वे पूरा किया था, इन कालोनियों के आवास लगभग पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। इनकी जगह नए फ्लैट तैयार किए जाने हैं। सर्वे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट तब के कलेक्टर को सौंपी गई, जिसे कलेक्टर ने शासन को भिजवा दिया। धरमपुरा और एसबीआई मेन ब्रांच के पास सरकारी क्वार्टरों का चयन किया गया है। जिसमें से लगभग 7 एकड़ भूखंड है, जिसमें मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार किए जाने का प्रस्ताव है। बताया गया है कि यदि फ्लैट में रहने अधिकारी-कर्मचारियों की ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ भवन के बदले में राजस्व परिसर में बोर्ड बनाएगा शासकीय आवास

### चित्रकोट हाईट्स कालोनी निर्माणाधीन

*हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर के उप आयुक्त सीके ठाकुर ने बताया कि बोर्ड ने इससे पूर्व शहर के महारानी वार्ड स्थित 36 क्वार्टर को जमींदोज कर बहुप्रतिक्षित 6 मंजिल की इमारत का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें चित्रकोट हाईट्स कालोनी में 2-3 बीएचके 123 आवास निर्माणाधीन है।*

### खंडहर भवन होंगे ध्वस्त

*हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एसके भगत ने बताया कि खंडहर निगम का स्कूल, पीएचई एवं नगर सैनिक कार्यालय भवन को शीघ्र ही ध्वस्त किया जाएगा, जिससे काम्पलेक्स का निर्माण कार्य शुरू कर सकें। साथ ही अपर आयुक्त ने सभी जिलों में निर्माणधीन कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिया कि बोर्ड के निर्माणाधीन कार्यों को तय समय और गुणवत्ता के साथ पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

# सरहदी राज्यों से अवैध धान परिवहन पर लगाएं रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण और बेहतर पुलिसिंग के लिए एसपी वाय. अक्षय कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में ओवरसाइट कमेटी की क्राइम मीटिंग आयोजित की। बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना–चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र में लंबित महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों, गुमशुदगी, मर्ग और अन्य शिकायतों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए नियमित संध्या पेट्रोलिंग और विजिबल पुलिसिंग के निर्देश दिए। चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पॉइंट ड्यूटी लगाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का आदेश दिया गया। एसपी ने कहा कि धान खरीदी सीजन के दौरान सरहदी राज्यों से अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सरहदी थाना क्षेत्रें में चेक पोस्ट लगाकर सख्त ▶▶|शेष पेज 10 पर

### चलित थाना एवं जागरुकता अभियान चलाएं

थाना प्रभारियों को चलित थाना लगाकर नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, एटीएम और बैंक धोखाधड़ी जैसे मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार कर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने की हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति लगातार सुनिश्चित होनी चाहिए। नियमित पेट्रोलिंग, जनता से संवाद और अपराधों की रोकथाम के लिए सभी थाना प्रभारियों को तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया गया।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भारतीय संविधान दिवस और 26/11 मुंबई हमले में शहीद हुए वीर जवानों और नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन विकास नगर स्टेडियम में बस्तर संभाग प्रभारी एवं परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में परिषद के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं और युवतियों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे तैयार करने में 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे। भारतीय संविधान का अध्ययन दुनिया के कई देशों के संविधानों के आधार पर किया गया। यादव ने कहा, भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष संविधान को अपनाए हुए 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस वर्ष की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान है। कार्यक्रम में संविधान अमर रहे के नारे लगाए गए। इसके बाद 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश धीवर, सेवारत सैनिक धर्मेंद्र सेठिया और राजूराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 250 युवक–युवतियां भी शामिल हुए। कार्यक्रम ने संविधान के महत्व और शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित किया।

# 67 क्विंटल अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत राज्य के सभी जिलों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। धान खरीदी केंद्रों में बिचौलियों की निगरानी और निरंतर जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके लिए अलग अलग विभाग के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। जिसके तहत जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट पर अधिकारियों के द्वारा धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को अवैध ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ अवैध धान निगरानी के लिए प्रशासन सक्रिय

# गलत धान बीज विक्रय के विरोध में किसानों का धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

गलत धान बीज विक्रय से हुए आर्थिक नुकसान के खिलाफ तहसील मुख्यालय माकड़ी में किसानों द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन को सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने समर्थन दिया। किसानों ने इस धरने में अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर शासन–प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। किसानों ने ग्राम रांधना स्थित कृषि केंद्र से उच्च उत्पादन क्षमता वाला धान बीज समझकर बीज खरीदा था। लेकिन बीज से धान का उत्पादन बहुत ही कम हुआ। जिससे किसान आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हुए। ठगी का शिकार हुए किसानों ने इस मामले की शिकायत जिला एवं पुलिस प्रशासन से की थी। लेकिन कार्रवाई में हो रही देरी से आक्रोशित होकर किसानों ने 25 नवम्बर को दुर्गा मंच, माकड़ी में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से निम्नलिखित मांगें रखीं। पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए। किसानों के केसीसी ऋण को माफ किया जाए। बायोटेक बीज कंपनी पर प्रतिबंध लगाया जाए। कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर बीज दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाए। धरना स्थल पर पहुंचे सीपीआई के ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ सीपीआई ने किया समर्थन

### धान खरीदी केन्द्र का कमिश्नर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने आज जिले के बनियागांव उपार्जन केन्द्र पहुंचकर धान खरीदी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान धान बेचने पहुंचे किसानों से रूबरू हुए और उनसे यहां की व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की जांच भी की। सिंह ने इस दौरान केन्द्र में बारदाने की ▶▶|शेष पेज 10 पर

**जमीन बेचना है**
**5 एकड़ 25 डीसमील**
बालूद, तहसील दंतेवाड़ा, रोड से लगा हुआ (पट्टेवाला)
**3 एकड़**
पूरनतराई, तहसील दंतेवाड़ा सरकारी नर्सरी के पास
जमीन किराये / बेचना है - 2 एकड़ 29 डीसमील (पट्टेवाला)
60 हजार स्क्वेयर फिट बिल्डींग (सर्वसुविधायुक्त)
कलेक्ट्रेट के बगल में, चितालंका, दंतेवाड़ा-जगदलपुर हाइवे
9637230735, 7489517231, 9423500005, 9011311117

# युवक, युवतियों ने जाना जैव विविधता संरक्षण का महत्व






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पैराटैक्सोनॉमी व बायोडायवर्सिटी संरक्षण ट्रेनिंग कोर्स का हुआ समापन

जैवविविधता से समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में पाए जाने वाले जीव-जंतु एवं पौध, वनस्पति की प्रजातियों की पहचान करना, उनके औषधीय उपयोग एवं आर्थिक महत्व को जानने के उद्देश्य से पैरा-टैक्सोनामी एवं जैवविविधता संरक्षण के लिए आयोजित 15 दिवसीय कोर्स का समापन गुरूवार को शहर के वन विद्यालय में किया गया। प्रशिक्षण में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के प्रशिक्षकों के द्वारा शहर के वन विद्यालय के कैम्पस में दिया गया। प्रशिक्षण जगदलपुर वन वृत के बस्तर, बीजापुर, सुकुमा, दंतेवाड़ा वनमंडलों के अंतर्गत गठित बीएमसी के तहत आने वाले जीवविज्ञान में स्नातक, 12 वीं पास युवक, युवतियों को चयनित कर दिया गया। इसमें वन मंडलों के 65 छात्रों को बीएसआई से आए विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु उनके क्षेत्र में पाए जाने वाले जीव जंतु एवं पौध, वनस्पति प्रजातियों की पहचान करना, उनके औषधीय उपयोग को जानना, उनके उत्पादन की मात्रा को जानना था। इसमें युवक, युवतियों को आसना, बकावंड, जयबेल, कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान, घुड़मारास, नागरसर आदि स्थलों का भ्रमण कराते हुए समृद्ध पौध प्रजातियों के पहचान, उनकी उपयोगिता एवं आर्थिक महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ▶▶|शेष पेज 10 पर

### युवक, युवतियों को दिए सुझाव

*मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने कहा कि वन हमारी संपदा है हमारे जीविकोपार्जन का मुख्य हिस्सा है। इस पैराटैक्सोनामी कोर्स के प्रशिक्षण उपरांत युवक, युवतियों को इसे पर्यटन (होमस्टे, नेचर ट्रेल, जंगल गाइड) से जोड़ने तथा इन युवाओं का उपयोग बीएमसी ट्रेनिंग, पीबीआर के अपग्रेडेशन कार्य में उपयोग किए जाने का सुझाव भी दिया गया। श्री दुग्गा द्वारा प्रशिक्षण उपरांत 4-5 ग्रामों के बीच एक प्रशिक्षित युवा को रखकर विभागीय कार्यों के साथ समन्वय किए जाने का भी सुझाव दिया गया।*

**पाठक सूचना**
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति की बैठक कल

**दंतेवाड़ा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार जिला शाखा दंतेवाड़ा में प्रबंध समिति के गठन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रबल समिति में जिला शाखा के सदस्यों की अंतिम रूप से प्रकाशित सूची तैयार कर ली गई है। तथा आगामी 30 नवंबर दोपहर 1 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संरक्षक,उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को सूचित भी कर दिया गया है।

### रिटर्निंग तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बीजापुर द्वारा पंचायतों के निर्वाचन के लिये पदाभिहित अधिकारी को रिटर्निंग तथा सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अतुल शेटे डिप्टी कलेक्टर बीजापुर एवं उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु सूर्यकांत घरत नायब तहसीलदार भैरमगढ़, लक्ष्मण राठिया तहसीलदार उसूर, दुकालुराम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर एवं दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को रिटर्निंग ऑफिसर तथा पुनीत राम साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़, प्रभाकर चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उसूर, गीत सिन्हा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर एवं चुनेन्द्र प्रकाश अनुविभागीय अधिकारी कृषि को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ



**बीजापुर।** बालक रेसिडेंशियल स्कूल पोटा केबिन दूगाईगुड़ा विकासखंड उसूर में 25 नवंबर को समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। 150 बच्चो ने नशा के दुष्परिणाम के बारे में जाना अधिकांश अपराध का जड़ नशा है, इससे हम कैसे दूर रह सकते है, योग, मेडिटेशन के माध्यम से मन को एकाग्र कर पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकते है। स्वयं एवं अपने आसपास भी नशा नहीं करने का संकल्प एवं शपथ लिया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार पटेल उपसंचालक समाज बीजापुर एवं कार्यालयीन स्टॉफ विनय मिश्रा उमा रेड्डी, विनोद श्रीवास, सुमेश, सुमिता, मनोज मंडावी तथा पोटा केबिन के कर्मचारी स्टॉफ की उपस्थिति थे।

### 5 स्थलों में स्थापित किए जाएंगे परिवहन सुविधा केन्द्र

**दंतेवाड़ा।** परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार परिवहन सुविधा केंद्र भारत सरकार के राजपत्र क्रमांक 240 (अ) 31 मार्च 2021 के अनुसार लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र अधिकृत किया जाना है। इसके लिए शिक्षार्थी लाइसेंस बनवाने एवं अन्य परिवहन सेवाओं हेतु दंतेवाड़ा के विकासखण्डों में परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में 5 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु शेष है। इस संबंध में इच्छुक अर्हताधारी जिला परिवहन कार्यालय में शासकीय शुल्क राशि 200 रुपये 15 दिसंबर तक सायं 5.30 बजे तक कार्यालयीन अवधि में जमा कर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा। परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु दंतेवाड़ा-1, कुआकोंडा-1, गीदम-2, कटेकल्याण-1 जगहों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचने दी गई समझाइश

# यातायात पुलिस ने एनसीसी कैडेटों को दी नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात अमले द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरूवार को उद्यानिकी महाविद्यालय धरमपुरा में एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

- उद्यानिकी महाविद्यालय में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि यातायात जागरूकता अभियान के तहत 5 सौ एनसीसी कैडेटों को उद्यानिकी महाविद्यालय में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात स्टॉफ द्वारा दुर्घटना से बचने व घायलों को त्वरित मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाने युवाओं से पहल करने की अपील की गई। युवाओं को बताया गया कि टेÑफिक सिग्नल का पालन करके दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इसके अलावा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना आवश्यक है क्योंकि दुर्घटना में अधिंकाश मौते हेड इन्ज्यूरी से होती है हेलमेट लगाने से इससे बचा जा सकता है। कैडेटों को बताया गया कि सड़क हादसा होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देकर संभव हो तो घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे गंभीर घायलों की जान बचाई जा सकती है। घायलों की मदद करने से मदद करने वालों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### जरूरी दस्तावेज रखना अनिवार्य

डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि दुपहिया या चारपहिया वाहन चलाने के दौरान जिस तरह हेलमेट व सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है उसी तरह ड्राईविंग लाइसेंस व आवश्यक दस्तावेज भी होना चाहिए। जागरूकता अभियान के दौरान एएसआई राजकुमार आडिल, यतेन्द्र देवांगन व यातायात अमला मौजूद थे।

# संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ कमेटियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नगर मंडल द्वारा मोर बुथ मोर अभियान के तहत संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए बूथो और कार्यकारिणी सदस्य का चयन एवं बुथ कमेटी का गठन, समस्त बुथो की बैठक कर, सर्वसम्मति से किया जा रहा है। संगठन के महापर्व, सदस्यता अभियान के पश्चात बुथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बुथो को सशक्त बनाने के लिए सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, बुथ कमेटी संगठन की सबसे मजबूत इकाई मानकर, सशक्त बूथ बने, इस पर संगठन के द्वारा नियुक्त सभी पदाधिकारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में बुथ कमेटी की बैठक लेकर बुथ के गठन की कार्रवाई कर रहे हैं, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया है भाजपा की संवैधानिक व्यवस्था के तहत भूत अध्यक्ष का चुनाव मंडल अध्यक्ष का चुनाव जिला अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है इसी कार्यक्रम में जगदलपुर नगर मंडल के 101 बुथ कमेटी का गठन करने का लक्ष्य पार्टी संगठन की ओर से मिला है। 101 बुथ पर निरंतर गठन का कार्य किया जा रहा है शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र स्तर पर जिम्मेदारी दिया गया है चुनाव संपन्न कराने हेतु शक्ति केंद्र स्तर पर चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी मिली है और सुरेश गुप्ता सभी चुनाव अधिकारियों के साथ हर बहुत तक पहुंच कर चुनाव संपन्न कराने में मदद कर रहे है। आज नगर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केंद्र गुरु गोविंद सिंह शक्ति केंद्र अटल बिहारी वाजपेई शक्ति केंद्र, अंबेडकर शक्ति केंद्र प्रताप देव शक्ति केंद्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के विभिन्न वार्डों में बूथों का गठन की प्रक्रिया पूर्ण हुई गुरु गोबिंद सिंह शक्ति केंद्र में बूथ कमेटी का गठन किया गया। बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने सभी नवीन पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें संगठन कार्य के प्रति प्रेरित किया।

आज की बूथ कमेटी गठन की प्रक्रिया में महापौर सफिरा साहू, राजेंद्र बाजपेई, आरेंद्र सिंह, रंजीत पांडे मनोहर तिवारी, शशी पाठक, योगेश शुक्ला, लाला किशोर महावर, रोशन झा, योगेश ठाकुर, प्रकाश झा, शैलेश श्रीवास्तव, केतन महानदी, राजपाल कसेर, दिगंबर राव, प्रमिला कपूर कविता सेठी, सुनीता यादव, सुमित्रा, कौशल्या जलछत्री अतुल सिम्हा, अतुल कौशल भुवनेश ध्रुव, शैलेंद्र भारती किरण दीवान शैलेन्द्र पाण्डे कमला सेठिया, हेमंत सिन्हा आत्मा राम जोशी के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता की अनुपस्थित रहे।

### संकुल स्तरीय जैविक खेती प्रतिस्पर्धाएं हुई गीदम में

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के द्वारा संचालित बृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 110 ग्राम जैविक प्रमाणित होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कान्क्लैव का आयोजन दिनांक 6-7 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पूर्व जिले के प्रत्येक क्लस्टर में महिला समूहों के लिए "परम्परागत, देसी व्यंजन प्रतियोगिता" एवं "जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किये जाने के क्रम में नाग देवता संकुल संगठन मुचनार में ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से 26 प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर प्रस्तुत किया गया। साथ ही जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत, गोबर खाद के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया। इस क्रम में व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत साक्षी स्व सहायता समूह करकोटी ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान माता तुलसी स्व सहायता समूह पदमेटा ने हासिल किया। जबकि जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह मुचनार, द्वितीय स्थान पर वान्या मां दंतेश्वरी स्व सहायता रोजे का रहा। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने किया।

# पुलिया निर्माण का पुनः सर्वे कराकर छतिग्रस्त होने वाले घर को बचाने व मुवावजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में गुरुवार को पदाधिकारी व वार्डवासियों द्वारा नेशनल हाईवे 30 खड़गघाट, प्रवीर वार्ड में हो रहे एक तरफा उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण का पुनः सर्वे कर प्रवीर वार्ड में छतिग्रस्त होने से बचाने व पीड़ति परिवार को मुवावजा देने हेतु कलेक्टर बस्तर एस हरीश को ज्ञापन सौंपा गया। मौर्य ने बताया, की एन.एच.30 से खड़कघाट मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवैध निर्माण किये जाने के संबंध में धारा 322, 323 के तहत मकान खाली कर (प्रवीरवार्ड क.01) लगभग 20 से 25 परिवारों को अंतिम नोटिस देकर घर से बेघर किया जा रहा है। जबकि सरकार को पुलिया निर्माण हेतु सड़क के दोनो ओर पूर्व व पश्चिम में सर्वे कर कराया जाना था किंतु सिर्फ पूर्व में किया जा रहा है सरकार को पश्चिम में भी अतिक्रमण किया जाना चाहिए जिससे वार्डवासियों का नुकसान कम हो ,उक्त समय में वर्तमान स्थल पर यह परिवार लगभग 40 से 60 वर्ष पूर्व से निवासरत है और राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत वर्ष 1998 में 30 वर्षीय पट्टा प्राप्त यह परिवार जीवन यापन कर रहे है साथ ही उसी जगह पर यह पीड़ति परिवार ने एक-एक पूंजी अर्जित कर 5 से 10 वर्ष पूर्व पक्का मकान का निर्माण करवाया है। जिसका नगर पालिक निगम के द्वारा मकान का निर्धारित शुल्क (संपति कर) प्रतिवर्ष भूगतान किया भी जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से इस विषय पर अवगत कराकर निवेदन कर कहा, कि पीड़ित परिवारों को कम नुकसान हो इसके लिए संबंधित विभाग को पुनः सर्वे कराए जाने आदेशित किया जाए साथ ही पुल निर्माण में बाधित मकान का इंजीनियर से मूल्यांकन कराकर उचित मुआवजा व रहने के लिए आवास दिलवाने का प्रयास किया जाए, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें।अतः कॉंग्रेस पार्टी व वार्ड के पीड़ित परिवार के सदस्य हृदयदिल से सदैव आपके आभारी रहेंगे।जिस पर कलेक्टर बस्तर एस हरीश ने इस मामले पर सकारात्मक हल निकाल निजात दिलाने की बात कही।

- कांग्रेस ने एक तरफा हो रहे उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

इस दौरान रविशंकर तिवारी, उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, एडवोकेट संकल्प दुबे, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, अनुराग महतो सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# महापौर कर रही जनता के आंखों में धूल झोंकने का काम : राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जगदलपुर नगर निगम की महापौर सफीर साहू को चुनौती देते हुए कहा है कि महापौर सफीरा साहू यदि अपने आंचल में लगे दागों को सच में धोना चाहती हैं तो महापौर निधि से कराए गए उनके द्वारा कार्यों की न्यायिक जांच कराकर अपने ऊपर लगने वाले आरोपी से बरी हो सकती हैं। महापौर लगातार जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रही है प्रेस वार्ता आयोजित कर पूर्व के परिसीमन को आधार बनाकर किसी अन्य वार्ड के नाम पर कार्य आवंटित कर अन्य वार्ड में कराकर खुद को निर्दोष साबित करने की जुगत में लगी हैं। महापौर कह रही हैं की परिसीमन में स्थान परिवर्तन क्षेत्र परिवर्तन होने की वजह से आज रिकॉर्ड में उनकी निधि के द्वारा किए गए कार्य कागजों में दर्ज वार्ड की जगह अन्य वार्ड में शामिल हो गए हैं जबकि परिसीमन महापौर के कार्यकाल शुरू होने से कई वर्ष पूर्व ही हो चुका है, इसलिए महापौर झूठ बोलने की बजाय सिर्फ और सिर्फ अपने महापौर निधि से कराए हुए कार्यों की न्यायालय की निगरानी में भौतिक सत्यापन ही करके दिखा दें हम उन्हें भ्रष्टाचारी कहना छोड़ देंगे। राजेश राय ने कहा जितनी फेमस बॉलीवुड की फिल्म बंटी और बबली जगदलपुर में नहीं हुई होगी उससे कई गुना ज्यादा आज जगदलपुर नगर निगम की जनता की चर्चा का विषय निगम के बंटी और बबली बन चुके हैं यह बंटी और बबली पहले कांग्रेस को बेवकूफ बनाएं फिर जनता की आंखों में धूल झोंक अब भारतीय जनता पार्टी जाकर भाजपा के लोगों को भी अंधेरे में रखते हुए उन्हें गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं।

## सांसद महेश ने लोकसभा में रेलमंत्री वैष्णव से रावघाट-जगदलपुर पर पूछा प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप के रेलमंत्री को प्रश्नकाल में लगाये गए सवाल का जवाब उन्होंने सदन में तो नही दे पाए,लेकिन लिखित में इसका जवाब दिया है। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के लिखित जवाब यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले कुछ दिनो मे रावघाट और जगदलपुर दोनों तरफ से रेल लाइन बिछाने का काम प्रारंभ हो जाएगा।

सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री से निम्नलिखित 3 विषयों पर जानकारी प्रदान करने को लेकर प्रश्न किया। 2014 से आज तक देश में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ बस्तर संभाग में वर्षवार कितनी रेल पटरिया बिछाई गई और कितनी नई रेलगाड़िया शुरू की गई।

2014 से आज तक देश भर में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के लिए कितनी नई रेल परियोजनाएं प्रस्तावित है। कुल परियोजनाओं में से स्वीकृत परियोजनाओ की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कितना बजट आवंटित किया गया है। इन विषयों पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर प्रेषित किया है।

### युवाओ के लिए साय सरकार ने दी खुशखबरी : मनीष



**जगदलपुर।** सरकारी नौकरी का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए भाजपा की विष्णु देव सरकार ने खुशखबरी देते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2024 की 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन जारी होने पर भाजपा नेता एवं प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व सदस्य मनीष पारख ने परीक्षा के तैयारी कर रहे सभी युवा साथियों से कहा है कि प्रदेश के युवाओं में असीमित क्षमता है और मैं उन्हें इस परीक्षा के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। पारख ने कहा है कि युवा साथी अपने मजबूत इरादे और कड़ी मेहनत के साथ इस परीक्षा में शामिल होकर सफलता प्राप्त करें।

# अलनार, साडरा, मिचनार में नेटवर्क की समस्या से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/लोहण्डीगुड़ा

बस्तर विकास खंड लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलनार,साडरा, मिचनार में वर्षा से नेटवर्क की समस्या से ग्रामवासी जूझ रहे हैं। समस्या को सून क्षेत्र के भाजपा युवा नेता भरत कश्यप के नेतृत्व में गुरुवार को गांव के प्रमुखों के साथ बस्तर कलेक्टर व लोहण्डीगुड़ा एसडीएम कार्यालय पहुंच नेटवर्क टावर लगाने की मांग रखी। कश्यप ने कहा गांव में टावर नेटवर्किंग नहीं होने के कारण किसान का आनलाइन टोकन पंजीयन समय पर नहीं हो रही हैं। एवं खाद बीज सीज़न पर लेम्पस में बार-बार आना जाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत अलनार में संचालित आईडीबीआई बैंक खुला हैं जिसमें किसानों, महिला,महिलाओं समुह, बुजुर्ग, महिला,पेंशन धारकों का बैंक खाता है। जिससे खाता का लेन देन नहीं होती है। ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण को मिलने वाली सरकारी वाहन जैसे अस्पताल एम्बुलेंस 108, 102,112 गाड़ी से समय पर संपर्क नहीं होती है।



गांव में नेटवर्क टावर की व्यवस्था कराने के लिए बस्तर कलेक्टर हरीश एस व लोहण्डीगुड़ा अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया। इस समस्या को सून जल्द समाधान करने की आश्वासन दिया है।

इस दौरान लखीधर सेठिया, मुकेश जैन, कमलसाय सेठिया, राजेश सेठिया, आयतू कश्यप, धनीराम सेठिया, संदीप सेठिया, ललित पंत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




# छात्र-छात्राएं बनेंगे अपने गांव के बाल विवाह रोकथाम के वालेंटियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत एवं छत्तीसगढ़ में बाल विवाह के उन्नमुलन को प्रोत्साहित करने के लिए सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है। जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि सभी जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय के स्थानीय समितियों, स्कूल, आश्रम, पोर्टाकेबिन के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ता, मितानिन, बीजादूतीर, बाल देखरेख संस्थाएं, सखी वन स्टॉप सेंटर, आजिविका मिशन, स्वसहायता समूह, स्वयं सेवी संगठन सभी को सम्मलित करते हुए बाल विवाह के खिलाप शपथ कराया गया। तथा बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, शारीरिक दुर्बलता, शिक्षा का अभाव, मानसिक विकास में रूकावट, हिंसा व दुर्व्यवहार, समय पूर्व गर्भवास्था, मातृ मृत्यु दर में वृद्धि से अवगत कराया गया है तथा लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट), बाल श्रम अधिनियम, बालकों अनैतिक व्यापार, बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी, स्पॉसरशिप योजना की जानकारी देते हुए जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह कुप्रथा को रोकने में सहयोग प्रदान करने अपील किया है। इस दौरान स्कूल, आश्रमों में बच्चों एवं शिक्षको द्वारा शपथ लिया गया है और कहा गया है कि जबतक वे शिक्षित व आत्मनिर्भर नही बन जाते तब तक विवाह नही करेंगे साथ ही अपने आसपास किसी भी लड़के या लड़की का बाल विवाह नही होने देगें। बाल विवाह रोकथाम के लिए स्वयं सेवक बनकर वे समाज व ग्राम पंचायत को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त बनायेगें।

- बीजापुर जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान का हुआ शुभारंभ
- बाल विवाह के उन्मुलन को प्रोत्साहित करने पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

